# दैनिक कोटा ब्यूरो

कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, टोंक एवं सवाईमाधोपुर से प्रसारित

आर.एन.आई.नं. 48487/89

वर्ष 36 अंक **109** आर.जे.के.टी . 43306 E mail: kotabureau_7@yahoo.co.in kotakbnews@gmail.com **बुधवार, 23 अप्रैल 2025** M. 98290-35357, 95499-00005, 95499-00006 मूल्य 1. 50 रूपये


## ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मारी-पत्नी की मौत, पति घायल, 25 दिन बाद थी बेटी की शादी

**कोटा ब्यूरो न्यूज ( सुरेश मोमियां )**

झालरापाटन 22 अप्रेल। झालरापाटन के नेशनल हाईवे 52 पर स्थित हरिपुरा मोड़ पर सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई, वहीं पति गंभीर घायल हो गया। सदर थाना के एसआई. गौतम बिश्नोई ने बताया- मांडा श्यामपुरा गांव के संजय कुमार (43) और उनकी पत्नी अनोख बाई (40) अमेठा गांव से भतीजे की शादी से लौट रहे थे। हरिपुरा मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे गड्ढे में जा गिरा। इस दौरान चालक मौका पाकर फरार हो गया।

## 4 हजार की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

**कोटा ब्यूरो न्यूज ( विनय तिवारी )**

छबड़ा 22 अप्रेल। छीपाबडौद में बिलेण्डी पटवारी अश्विनी सिंह को साढ़े 4 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार किया है। पटवारी द्वारा मकान और ट्यूबवेल का मुआवजा देने की एवज में 7500 रुपए की मांग की थी, साथ ही मुआवजा राशि का चेक बनाने पर 10 प्रतिशत राशि की अलग से की गई थी मांग, एसीबी अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी एसीबी बारां चौकी डीएसपी प्रेमचन्द मीणा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।



# दरिन्दों ने किया जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला, 28 मौतें

## आतंकियों ने टूरिस्ट के नाम पूछकर गोली मारी, नेपाल-यूएई के भी 2 टूरिस्ट मारे गए

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

नई दिल्ली 22 अप्रेल। जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 28 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं।



घटना मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे पहलगाम की बैसारन घाटी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकियों ने यूपी से आए शुभम द्विवेदी से नाम पूछा, फिर उसके सिर में गोली मार दी। शुभम की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। वो हनीमून पर यहां आया था। आतंकियों ने दूसरे पर्यटकों पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा ने ली है। प्रशासन ने आतंकी हमले में एक मौत की बात कही थी, लेकिन करीब 4 घंटे बाद न्यूज एजेंसी ने 26 मौतों की जानकारी दी। घटना में 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पहलगाम में हमले वाले इलाके को घेर लिया है। हेलिकॉप्टर से भी नजर रखी जा रही है। घटना के बाद मोदी यूएई दौरा अधूरा छोड़कर वापस लौट रहे हैं। कल दिल्ली में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी बैठक में हिस्सा लेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली से श्रीनगर पहुंच गए हैं। वे राजभवन में सेना और प्रशासन के अफसरों के साथ हाई लेवल मीटिंग कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी से बातचीत करके हालातों की जानकारी ली है। पहलगाम हमले के विरोध में जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बुधवार को जम्मू बंद का आव्हान किया। पहलगाम की घटना के बाद दिल्ली, मुंबई और दूसरे शहरों में अलर्ट जारी किया गया है। विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस देशभर में आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन करेगा।

## पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा, मोमबत्ती जलाकर दी मृतकों को श्रद्धांजलि

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। कोटा के नागरिको ने किशोर सागर तलाब की पाल पर मोमबत्ती जलाकर पहलगाम में मारे गए सैलानियो को श्रद्धांजलि दी इस दौरान मयंक सेठी संजय सैनी अनिल शर्मा ज्ञानेंद्र सिंह अर्चना शर्मा ममता पारेता टीकम यादव मुकेश चावला रोहित महावर साहिल मिर्जा अमित उराड़िया हनुमान कुशवाह आदि रहे मौजूद।



# 2036 का ओलम्पिक भारत में हो, सबसे ज्यादा खिलाड़ी कुश्ती से हों यह हमारा प्रयास : खड़से

## -केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने किया राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में कोटा में खेली जा रही अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन की घोषणा करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि 2036 ओलम्पिक भारत में हों और उसमें कुश्ती में सर्वाधिक खिलाड़ी भारत से हों, यह हमारा प्रयास है। नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित समापन समारोह में खड़से ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया है। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग और अन्य सभी सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। यही कारण है कि ओलम्पिक, एशियन गेम्स और अन्य अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के पदकों की संख्या बढ़ी है।



उन्होंने कहा कि सिर्फ मेडल लाना हमारा लक्ष्य नहीं है। हम चाहते हैं कि देश का प्रत्येक नागरिक विशेष तौर पर युवा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट हों। इसके लिए फिट इंडिया और खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्थान सरकार में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि राजस्थान सरकार खेलों और खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं देने के लिए तेजी से काम कर रही है। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन तो एक ट्रेलर था। आने वाले समय में राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता के नेतृत्व में कोटा में कई बड़े खेल आयोजन होंगे।

***दत्ता उठाएं कुश्ती को नई ऊंचाई पर ले जाने का बीड़ा***

अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेने आए सभी अतिथियों ने भव्य आयोजन के लिए राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता की सराहना की। कोटा शिक्षा के साथ खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़े इसमें यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण योगदान देगी। खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा कि इस तरह के खेल होने से एक माहौल तैयार होता है। कोटा में हुई इस प्रतियोगिता से पूरे राजस्थान में कुश्तियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता का आव्हान किया कि वे इस बात का बीड़ा उठाएं कि 2036 ओलम्पिक्स के भारतीय दल में सबसे अधिक पहलवान राजस्थान से हों। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात एंकर रेणु श्रीवास्तव ने किया।

***यह अतिथि रहे मौजूद***

समापन समारोह में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, राजस्थान सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामगोपाल बैरवा, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज मेहता, संभल (उत्तर प्रदेश) के पुलिस उप अधीक्षक और पूर्व अन्तरराष्ट्रीय पहलवान अनुज चौधरी उपस्थित रहे।

## एमबीएस हॉस्पिटल परिसर से महिला का बैग चोरी

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। संभाग के सबसे बड़े हॉस्पिटल के परिसर में लगातार चोरी के मामले सामने आ रहे है। अब एक महिला का बैग चोरी हो गया। बैग में 4000 रुपए की दवाइयां, 900 नगद रखे थे। मामले को लेकर एमबीएस पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पीड़िता महिला सपना ने बताया- बारां के बनियानी गांव से कोटा में भाभी के साथ अपने 2 साले के बच्चे को डॉक्टर को दिखाने आए थे। बच्चे को दिखाने के बाद अन्नपूर्णा रसोई पर खाना ले रही थी। उस समय बैग नीचे रख दिया था। कुछ ही सेकंड में एक अज्ञात बदमाश बैग लेकर फरार हो गया। चोर बैग में 4000 रुपए की दवाइयां 900 रुपए नगद थे। एमबीएस पुलिस चौकी से मात्र 10 कदम की दूरी पर चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बैग चोरी होने के बाद खाने तक के पैसे नहीं बचे।

## वक्फ संशोधन एक्ट असवैधानिक एवं मुस्लिम विरोधी : वेलफ़ेयर पार्टी

### सरकार फैला रही भ्रम, एक्ट का चहूं ओर हो रहा विरोध

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। वक्फ संशोधन एक्ट पर वेलफेयर पार्टी ऑफ़ इंडिया कोटा इकाई की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । वेलफेयर पार्टी ऑफ़ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष सैफ़ुल्लाह ख़ान ने उम्मीद एक्ट को देशवासियों के साथ धोखा क़रार दिया ।




आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि संविधान ने देश में प्रत्येक धर्म के लोगों को अपने अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन का अधिकार दिया है परंतु वक्फ संशोधन एक्ट लाकर सरकार उन अधिकारों को सीमित और प्रतिबंधित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है । उन्होंने कहा कि इस एक्ट के कई प्रावधान वक्फ संपत्तियों की पवित्रता और उनके प्रबंधन के लिए ख़तरा हैं और यह एक्ट वक्फ संपत्तियों पर क़ब्ज़ा कराने और अतिक्रमण के रास्ते खोलता है । वहीं वेलफेयर पार्टी ऑफ़ इंडिया के जिला अध्यक्ष आसिफ़ हुसैन ने कहा की यह विडंबना है की भाजपा सरकार जिस वर्ग के उत्थान के लिए एक्ट लाती है उसी वर्ग को वह एक्ट समझ नहीं आता है । उन्होंने कहा पूर्व में ही देश के प्रबुद्धजनों, इस्लामिक मामलात के जानकारों सहित आमजन ने जेपीसी के समक्ष इस एक्ट के विरोध में अपनी आपत्तियां प्रस्तुत की थीं ।5 करोड़ से अधिक सुझाव ई मेल के ज़रिए जेपीसी को भेजे गए परंतु सरकार द्वारा तानाशाही का रवैया अपनाते हुए उन सभी सुझाओं को दरकिनार करते हुए संसद के सदनों में महज़ अपने संख्या बल का उपयोग करते हुए इस असंवैधानिक और पक्षपातपूर्ण अधिनियम को पास करवा लिया गया । जो कि पूर्णत: अनुचित है वेलफेयर पार्टी के जिला महासचिव मुहम्मद खालिद ने जिला महासचिव अशफ़ाक़ हुसैन अंसारी, दिनेश सक्सेना, अनवर क़ुरैशी, जावेद अख़्तर अंसारी, मोहम्मद इरफ़ान, जावेद काग़ज़ी, आफ़ताब अंसारी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे ।

## अल्लामा इक़बाल को पेश की खिराजे अकीदत



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। अन्नतपुरा क्षेत्र केसर विहार में स्थित मदरसा जामिया हुस्न ए तारा में शायर अल्लामा डॉक्टर इक़बाल की बारगाह में खिराजे अकीदत पेश किया गया, मुफ्ती शमीम अशरफ ने कहा कि अल्लामा इक़बाल एक प्रसिद्ध कवि दार्शनिक और राजनीतिज्ञ थे , जिन्हे राष्ट्रीय कवि होने का फख्र हासिल हैं , वह एक क्रांतिकारी थे जिनोहने उर्दू फारसी भाषा में कविताएं लिखी , मौलाना मुतिउर्रहमान ने कहा कि इकबाल को पाकिस्तान का जनक भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने पहली बार भारतीय मुसलमानो के लिए अलग मार्टभूमि का विचार प्रस्तुत किया था, डॉक्टर कलीम अशरफ ने कहा कि अल्लामा इक़बाल ने अपनी कविता ओर लेखन के माध्यम से भारतीय मुसलमानों को प्रेरित किया, उन्होंने 1928 में पंजाब विधानमंडल का चुनाव जीता और 1931 ,32 मे लंदन में गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया, उनके द्वारा गीत सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा हम बुलबुलें हैं इसकी यह गुलसीतां हमारा बहुत मशहूर है, उनका इंतकाल लाहौर में हुआ इस अवसर पर यूसुफ आजाद, मोहम्मद जियाउद्दीन अख़्तर, अल्फजर अब्बासी, सिराज अहमद मंसूरी आदि ने संबोधित किया , मुन्ना भाई, सलीम ख़ान दुर्रानी, नईम खान, आदि मौजूद अभी ने मुल्क में अमन सुकून की दुआ मांगी

## निष्क्रिय पदाधिकारी जल्द होंगे पद मुक्त : अब्दुल कलाम

### सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाकर संगठन को मजबूत करें : प्रमोद भाया

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**उस्मान खान**

बारां 22 अप्रेल । कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग संगठन में एक नई ऊर्जा व नए सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु प्रदेश प्रभारी अब्दुल कलाम व प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी के प्रदेश के सम्पूर्ण जिलों में लगातार दौरे जारी है जहां कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर नई कार्यकारिणी के लिए फीडबैक लिया जा रहा है । इसी के तहत मंगलवार को जिला



कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग बारां की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय बारां पर संपन्न हुई। बारा शहर अध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी व जिला संगठन महामंत्री एडवोकेट हस्सान खान ने सयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी अब्दुल कलाम खान, प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी ने भाग लिया, वहीं अध्यक्षता पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में आए हुए मेहमानों का पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया जिला अध्यक्ष शाहिद कुंडी, जिला उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी,गनी भाई ,वहीद भाई, शाहिद इकबाल भाटी, शेरू खान,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ब्रजेश वर्मा,जिला महामंत्री हेमलता सोन आदि ने 51 किलो के फूल माला।

शाल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया बैठक में प्रदेश प्रभारी अब्दुल कलाम खान ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए की जिले में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करें व विभाग में निष्क्रिय पदाधिकारीयों को तुरंत पद मुक्त कर व उनके स्थान पर सक्रिय व युवा पदाधिकारीयों को स्थान दें।

## बिना लाइसेंस आवंटित प्लाटों पर चलने वाले मैरिज हॉलों को बंद करने के आदेश

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम 3 के न्यायाधीश असीम कुलश्रेष्ठ ने बिना लाइसेंस आवंटित प्लाट पर चलने वाले मैरिज हॉल को बंद करने के आदेश दिए है। एडवोकेट हेमंत मालव व बृजमोहन मालव ने बताया कि उन्होंने बसंत विहार निवासी रघुराज सिंह हाड़ा, चंद्रिका प्रसाद, अब्दुल रशीद व करण सिंह राठौर की ओर से बसंत विहार स्थित रोटरी क्लब कोटा उत्तर, लायंस क्लब कोटा साउथ चेरिटेबल सोसायटी, कोटा चेप्टर ऑफ एकाउंटस रामगढ़िया वेलफेयर सोसायटी, महौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, विजयवर्गीय नवयुवक मण्डल, माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, महौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, विजयवर्गीय नवयुवक मण्डल, माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, महौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति, हरिश कुमार सोनी, जुगल किशोर सोनी, हरिचरण लाल सोनी, अशोक विजयवर्गीय, राजकुमार विजय, चैन सिंह व जगदीश प्रसाद के खिलाफ न्यायालय में जनहित में याचिका पर दावा पेश कर कहा कि बसंत विहार कॉलोनी में प्लाट नं 4,5,6,8,9,10,12 के मालिक अवैध रूप से आवंटित प्लाट पर बिना लाइसेंस मैरिज हाल चला रखे है।

जिससे आमजन व स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। विवाह समारोह के कारण सडक अवरूद्ध होने से आए दिन लडाई झगडे होते रहते है जिसे नगर निगम ने भी रोकने की कोशिश नहीं की। न्यायालय ने जनहित याचिका के दावे पर सुनवाई करने के बाद आदेश दिया कि रोटरी क्लब कोटा उत्तर लायंस क्लब कोटा साउथ चेरिटेबल सोसायटी, कोटा चेप्टर ऑफ एकाउन्टंस, रामगढ़िया, वेलफेयर सोसासयटी, महौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, विजयवर्गीय नवयुवक मण्डल, माहेश्वरी प्रगति, मण्डल व माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज समिति को स्थाई निषेधाज्ञा पाबंद किया जाता है। इन प्लाटो पर अवैध रूप से बिना नगर निगम के अनुमति प्राप्त किए व विधि विधान पंजीयन करवाए बिना किसी भी प्रकार मैरिज हॉल अथवा विवाह स्थल के रूप में संचालन नहीं करे।

## बेटे की जगह पिता की सर्जरी मामले में 5 कर्मचारियों पर कार्रवाई

### वार्ड बॉय-गार्ड को हटाया, 2 नर्सिंग स्टाफ को नोटिस, सर्जन के खिलाफ उच्चाधिकारियों को लिखा लेटर

कोटा 22 अप्रेल। कोटा के मेडिकल कॉलेज में बेटे की सर्जरी के बजाय पिता की सर्जरी कर देने के मामले में 5 कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर सिक्योरिटी गार्ड और वार्ड बॉय को हटाया गया है। 2 नर्सिंग स्टाफ को शो कॉज नोटिस दिया है। वहीं वैस्कुलर सर्जन डॉ. राजेंद्र महावर के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। कमेटी की फाइनल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। 5 दिन पहले बेटे की सर्जरी के लिए ऑपरेशन थिएटर के बाहर खड़े पिता को डॉक्टर ने अंदर बुलाकर एनेस्थीसिया दिया और उनकी भी सर्जरी कर दी।

# हरियाणा की बादशाहत कायम, जीते 16 गोल्ड

## -अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता: दिल्ली दूसरे और यूपी तीसरे स्थान पर रहा

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। कुश्तियों में हरियाणा ने एक बार फिर अपनी बादशाहत कायत रखी है। कोटा में खेली गई अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने कुल 16 गोल्ड मैडल जीते। 6 गोल्ड मैडल के साथ दिल्ली दूसरे और तीन गोल्ड मैडल के साथ उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा।

आयोजन समिति कि अध्यक्ष आईके दत्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के आखिरी दिन महिला कैटेगरी के 53 किलो वर्ग में हरियाणा की हिमांशी प्रथम दिल्ली की तानिया फोगाट द्वितीय और राजस्थान की कविता माली व मध्य प्रदेश की मिहिका सोनकर तृतीय रहीं। 59 किलो वर्ग में हरियाणा की मुस्कान प्रथम, महाराष्ट्रकी तन्वी द्वितीय तथा राजस्थान की अंजली साहू और दिल्ली की दिव्या तृतीय रहीं। 68 किलो वर्ग में दिल्ली की सृष्टि प्रथम, हरियाणा की कीर्ति द्वितीय तथा उत्तर प्रदेश की भूमि व महाराष्ट्र की रोशनी तृतीय रहीं। पुरूषों की फ्री स्टाइल कैटेगरी के 65 किलो वर्ग में हरियाणा के अश्विनी प्रथम, महाराष्ट्र के मनीष द्वितीय तथा तेलंगाना के निखिल यादव व हिमाचल प्रदेश के अभिनव मेहता तृतीय रहे। 79 किलो वर्ग में सर्विसेज के अमित प्रथम, हिमाचल प्रदेश के सुमित थापर द्वितीय तथा चंडीगढ़ के जतिन डागर व हरियाणा के परविंदर तृतीय रहे। 92 किलो वर्ग में हरियाणा के सचिन प्रथम, दिल्ली के अभिषेक द्वितीय, महाराष्ट्र के श्रेयांस व यूपी के यशवंत तृतीय रहे। आयोजन सचिव तेजेन्द्र सिंह बराड़ ने बताया कि पुरूषों के ग्रीको रोमन कैटेगरी के 63 किलो वर्ग में यूपी के मुकुल प्रथम, पंजाब के आर्यन विर्क द्वितीय तथा महाराष्ट्र के सारंग तथा हरियाणा के वरूण तृतीय रहे। 77 किलो वर्ग में हरियाणा के अमन प्रथम, चंडीगढ़ के निशांत द्वितीय, यूपी के सनी और दिल्ली के सागर तृतीय रहे। 82 किलो वर्ग में हरियाणा के प्रिंस प्रथम, पंजाब के मंजोत द्वितीय तथा जम्मू-कश्मीर के अमरजीत व चंडीगढ़ के कपित तृतीय रहे। 130 किलो वर्ग में यूपी के उत्तम प्रथम, हरियाणा के जोगिंदर राठी द्वितीय तथा पंजाब के जस्टिन सिद्धू व ओडिशा के सत्यनारायण तृतीय रहे।

***हरियाणा ने तीनों वर्गों में जीती ट्रॉफी***

टीम चैम्पियनशिप में भी हरियाणा बाकी राज्यों पर भारी पड़ा। पुरूषों के ग्रीको रोमन वर्ग मे हरियाणा ने पांच गोल्ड जीतकर 195 अंको के साथ चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती। 132 अंकों के साथ दिल्ली दूसरे और 129 अंकों के साथ यूपी तृतीय स्थान पर रही। फ्रीस्टाइल वर्ग में चार गोल्ड मैडल और 194 अंकों के साथ चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। 157 अंकों के साथ दिल्ली दूसरे और 129 अंकों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में भी हरियाणा ने सात गोल्ड मैडल और 215 अंकों के साथ चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया। 162 अंकों के साथ दिल्ली दूसरे और 140 अंकों के साथ महाराष्ट्र की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# सभी व्यापार संघ अपने क्षेत्रों में जनता के लिए शीतल जल की व्यवस्था करें : अशोक माहेश्वरी

## इन्द्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ ने अपने क्षेत्र में दो वाटर कूलर लगाने की घोषणा की

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। इंद्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह। नान्ता रोड़ स्थित एक फार्म हाउस पर संपन्न हुआ । समारोह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार पेशवानी एवं सचिव रूपनारायण श्रृंगी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी थे । इस अवसर पर सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते शहर में जिस भी बाजार में वाटर कूलर एवं प्याऊ का संचालन नहीं हो रहा है उसे क्षेत्र की व्यापारिक संगठन अपने क्षेत्र में वाटर कूलर लगाए और प्याऊ का संचालन करें उन्होंने बताया कि व्यापार महासंघ की कई संस्थाओं द्वारा अपने बाजारों में दो से तीन वाटर कूलर संचालित कर रखे हैं इसी के साथ कई व्यापारिक संस्थाओं और व्यापारियों द्वारा शहर में जगह जगह कैंपर के माध्यम से बाजारों एवं अपने प्रतिष्ठानों के बाहर शीतल जल की व्यवस्था कर रखी है इसी के साथ महासंघ की कई संस्थाओं द्वारा पशुओं जानवरो के लिए पानी की टंकियां और परिंदों के लिए पेड़ों व छांव वाली जगहों पर परिन्डे भी लगाए जा रहे हैं व्यापार महासंघ की क्षेत्रीय संस्थाओं द्वारा पूरे शहर में करीब 200 से अधिक वाटर कूलर संचालित किये जा रहे हैं और 500 से अधिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इंद्रा मार्केट में वर्तमान में एक भी वाटर कूलर नहीं लगा हुआ है उन्होंने संस्था को इस क्षेत्र में दो वाटर कूलर लगाए जाने की बात कही उन्होंने बताया कि यह बाजार शहर का प्रमुख महिलाओं का बाजार है और इस बाजार में भारी भीड़ व आवागमन रहता है ।

माहेश्वरी ने कहा कि वर्तमान में कोटा व्यापार महासंघ पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त प्रयासों से पुराने कोटा शहर के कई क्षेत्रों को अतिक्रमण से काफी हद तक मुक्ति मिली है एवं यातायात सुगम हुआ है अत: इन क्षेत्रों के व्यापारियों को चाहिए कि वह यहां की व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए सजग प्रहरी के रूप में काम करें और पुन: अतिक्रमण न होने दे । -इस अवसर पर इंद्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार पेशवानी सचिव रूपनारायण श्रृंगी ने कहा कि पहली बार पुराने कोटा शहर के अंदर अतिक्रमण हटाने का बेहतरीन कार्य हुआ है हमारी संस्था इन व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और अतिक्रमण निरोधक टीम का पूरा सहयोग करेगी उन्होंने घोषणा की की इन्द्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ द्वारा इस क्षेत्र में शीघ्र ही दो वाटर कूलर स्थापित किए जाएंगे।

# धड़ल्ले से दौड़ दौड़ रहे चिंगारी से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( तपन वर्मा )**



रामगंज मंडी 22 अप्रेल। रामगंज मंडी में सरेआम चिंगारी से भरे ट्रैक्टर दौड़ रहे हैं इस पर खनिज विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ट्रैक्टरों को सातल खेड़ी कुदाईला खैराबाद सुकेत की तरफ रोड पर आते जाते आसानी से देखे जा सकते हैं यह ट्रैक्टर औवरलोड भरे रहते हैं जिनको ट्रैक्टर ड्राइवर तेज गति से भगाते हैं इनमें से कोई पत्थर अगर नीचे आ जाए तो रोड पर पीछे से आ रहे वाहन चालकों को भारी नुकसान हो सकता है ट्रैक्टरों द्वारा खदानों में भी हादसे होते रहते हैं स्ढ कंपनी मे इन्हें धड़ल्ले दौड़ते हुए देखा जा सकता है जिस पर कंपनी द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती क्योंकि कंपनी ने अपनी खदानें पिट ठेके पर दे रखी हैं

# चेचट पंचायत में अज्ञात व्यक्तियों ने काट दिये हरे भरे छायादार वृक्ष

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( तपन वर्मा )**

रामगंज मंडी 22 अप्रेल। खैराबाद पंचायत समिति की चेचट पंचायत में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हरे छायादार नो वृक्ष काट दिए जो काफी बड़े थे वह अच्छी छाया प्रदान करते थे यह वृक्ष चेचट से खेडली रोड पर प्रशांत तोल कांटे के पास लगे हुए थे जिन्हें कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट दिया गया ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि हमने इन पेड़ों की लिखित में तहसीलदार साहब वह पुलिस थाना चेचट मे अज्ञात व्यक्तियो पर कार्यवाही हेतु शिकायत की है

# जेसीआई कोटा स्टार ने पृथ्वी दिवस पर किया पौधारोपण



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा, 22 अप्रैल। ेसीआई कोटा स्टार की चेयरपर्सन रितु खण्डेलवाल ने बताया कि जेसीरेट वीक स्पर्श के अंतर्गत पृथ्वी दिवस पर हर्बो केम फैक्ट्री में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। इसके अंतर्गत पीपल, नीम, अशोक के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में जेसीआई इंडिया जोन 5 की जोन वाइस प्रेसिडेंट निशा जोशी ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। इनकी देखभाल भी करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन सुनीता गोयल, मोनिका जैन, श्वेता जैन, ऋतु खंडेलवाल, महिला सचिव अनुप्रिया बंसल, किरण गोयल, पूनम आर्या, अदिति जैन, प्रियंका गंगवाल उपस्थित रहे। इस वीक की मैंटर्स अनामिका गुप्ता, श्वेता जैन कॉर्डिनेटर वंदना जैन, शिल्पा पोखरा है। चेयरपर्सन ऋतु खंडेलवाल ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए अलग अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन लेडी जेसी विंग द्वारा किया जाएगा।

# माँ भारती में उत्साह से मनाया विश्व अर्थ डे



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। माँ भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल स्वामी विवेकानंद नगर, कोटा में अर्थ डे मनाया गया। इसके अंतर्गत नन्हे विद्यार्थी हरे रंग के वस्त्रों से सुसज्जित होकर आए।

इसी दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों को लगाना, पृथ्वी को साफ सुथरा रखना, प्लास्टिक का प्रयोग न करना आदि विषयों पर आधारित कविता लेख आदि प्रस्तुत किया। तत्पश्चात धरती को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी लेते हुए सभी शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने ओथ ली।

इसी के तहत स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि हमें परिवार के सदस्य की तरह इसकी देखभाल करनी चाहिए।

अंत में स्कूल डायरेक्टर उर्वशी विजय ने कहा कि प्रकृति के साथ हमारे गहरे संबंध हैं। इसके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इसलिए हमें पर्यावरण संरक्षण करना चाहिए।

# मुनि अरह सागर महाराज का गुरु उपकार दिवस मनाया

## तलवंडी जैन मंदिर में बह रही धर्म की गंगा

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। आचार्य शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि 108 श्री अरह सागर जी महाराज श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर तलवंडी में विराजमान है। परम पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में तलवंडी समाज में धर्म की माहिती प्रभावना हो रही है। दैनिक धार्मिक कार्यक्रमों में पूज्य श्री के मुख से जिनाभिषेक शांति धारा तत्पश्चात मुनि श्री के प्रवचन व संध्या काल में शंका समाधान एवं आचार्य भक्ति तथा संगीतमय आरती नित्य प्रतिदिन भक्तों द्वारा की जा रही है।


तलवंडी के मंत्री प्रकाश सामरियवा व प्रचार मंत्री राजकुमार ने बताया कि आज दिनांक 22 अप्रैल को पूज्य मुनि श्री का 27 वा दीक्षा दिवस समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आज ही के दिन पूज्य मुनिश्री ने 27 वर्ष पूर्व आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से गृहस्थ त्याग कर संयम के व्रत आदि ग्रहण कर मुनि पद को स्वीकार किया था ।आज के दिन तलवंडी समाज में पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की संगीतमय सामूहिक पूजन एवं पूज्य मुनिश्री के समक्ष गुणानुवाद अर्घ समर्पित किए गए ।समाज जनों द्वारा दीप प्रज्वलन चित्र अनावरण एवं शास्त्र भेंट आदि कार्यक्रम संपन्न किये गये।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अशोक पहाड़िया, जे के जैन, सुरेश हरसोरा, अजय जैन उपेंद्र जी जैन सहित महिला मंडल की अध्यक्ष/ मंत्री, द्वारा अष्ट द्रव्यों से थाल सजाया,सदस्याये भी उपस्थित रही और सभी ने भक्ति भाव पूर्वक मुनि श्री की दीक्षा जयंती मनाई।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर का 31वाँ स्थापना दिवस 26 से, होगा तीन दिवसीय पाटोत्सव

## ठाकुर जी का होगा विशेष श्रृंगार, भंडारे में हजारों भक्त पाएंगे प्रसादी पूर्व संध्या पर लगेगा बाल मेला, सखी हाट में महिलाएं करेंगी उत्पाद प्रदर्शित

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा, 22 अप्रैल। श्री राधा कृष्ण मंदिर तलवंडी के 31वें स्थापना दिवस पर समिति की ओर से तीन दिवसीय विविध आयोजन किए जाएंगे। अध्यक्ष गोविंदनारायण अग्रवाल ने बताया कि पाटोत्सव – – 2025 के तहत् सखी हाट और बाल मेला लगेगा। वहीं 28 अप्रैल को स्थापना दिवस पर ठाकुर जी का विशेष शृंगार और महा आरती होगी। जिसके श्रंगार दर्शन सायं 6 बजे से होंगे। इस दौरान विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त प्रसादी पाएंगे। स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा होंगे। प्रचार-प्रसार व मीडिया समिति संयोजक रवि अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर 26 अप्रैल को सायं 6 बजे सखी हाट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिला उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। सखी हाट का उद्घाटन डॉ. अरुणा अग्रवाल करेंगी। इसके साथ ही, 27 अप्रैल को सायं 6 बजे बाल मेला लगेगा। जिसमें बच्चों के लिए मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम होंगे। बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एमडी चितौड़ा करेंगे। समारोह के लिए जितेंद्र गोयल, विपुल अग्रवाल, प्रेम बंसल, सुमित गोयल को संयोजक बनाया गया है। ठाकुर जी के श्रृंगार में पोशाक सेवा स्वप्निल पंचोली एवं प्रेमनारायण पंचोली के द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में सत्यनारायण, इंद्रेश, हनुमान प्रसाद के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# खेडला में नंदी गोवंश को असामाजिक तत्वों ने पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

## गो भक्तों ने हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर तालेड़ा थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( अनन्त मूंदड़ा )**

बूंदी 22 अप्रैल। जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र के खेडला गांव में एक नंदी गोवंश को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा बैरहमी से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। सोमवार को नंदी गोवंश को बंधक बनाकर निर्ममता पूर्वक हत्या करने की घटना पर जिलेभर के गोसेवकों में रोष फैल गया। यहां तालेड़ा में एकत्रित हुए गोपाल गो सेवा संस्थान बूंदी, शिव शक्ति गौशाला तालेड़ा एवं श्री श्याम गौ सेवा दल हिंडोली से जुड़े गौ भक्तों ने नंदी गोवंश की हत्या करने एवं सड़क पर घसीटने वाले समाज कंटकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर तालेड़ा थाना पुलिस को एक परिवाद भी सोफा है जिस पर राजस्थान गोवंश पशु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की है।

गोपाल गौ सेवा संस्थान के सचिव गोपाल माहेश्वरी ने बताया कि सोमवार को एक नंदी गोवंश खेडला गांव स्थित किसी खेत में चारा खाने चला गया था। जिस पर वहां मौजूद लोगों को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने लाठी एवं सरियों से वार कर गोवंश को मौत के घाट उतार दिया।

इसके पश्चात यह हत्यारे नंदी गोवंश को घसीट कर नहर के पास डालकर चले गए। सूचना मिलने पर श्री श्याम गौ सेवा दल हिंडोली और गोपाल गौ सेवा संस्थान बूंदी तथा शिव शक्ति गौशाला तालेड़ा से जुड़े गो भक्त मौके पर पहुंचे और गोवंश का पोस्टमार्टम करवा कर नंदी गोवंश का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान गोपाल गौ सेवा संस्थान उपाध्यक्ष रामबाबू श्रृंगी, शिव शक्ति गौशाला अध्यक्ष बद्री विशाल शर्मा, श्री श्याम गोसेवा दल हिंडोली के संदीप वर्मा, गोविंद, अर्जुन, पवन, अमित श्रृंगी, आशीष, शुभम धाकड़, सत्यनारायण, कौशल यादव, रोहन विशाल, दिलीप सिंह हाडा, संजय मीणा, बृजमोहन वर्मा, संजीत चौधरी आदि गौभक्त मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप कांग्रेस ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा, 22 अप्रेल। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव संजय यादव की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजन ने जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों द्वारा फीस में भारी वृद्धि करने एवं स्कूलों द्वारा तय समय पर फीस नहीं देने पर मनमानी कर विलम्ब शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से संजय यादव ने बताया कि कोटा शहर में इन दिनों निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। जहां कई स्कूलों द्वारा फीस में भारी वृद्धि वसूली की जा रही है। उन्होंने आरकेपुरम् सेक्टर बी स्थित आर्केडिया स्कूल द्वारा इस वर्ष की गई 8 से 10 प्रतिशत फीस वृद्धि कर अभिभावकों पर अतिरिक्त भार डालने एवं मनमानी रूप से विलम्ब शुल्क वसूलने का आरोप लगाया है।

संजय यादव ने ज्ञापन में बताया कि छात्र एवं छात्राओं के लिए निशुल्क शिक्षा का अधिकार (आरटीई) में दायरे को बढ़ाकर नवीं से बारहवीं तक की शिक्षा निशुल्क करने का प्रावधान किया गया है, लेकिन निजी विद्यालय इस योजना में छात्रों को प्रवेश नहीं दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई स्कूल शिक्षा विभाग की उदासीनता के चलते इस कदर बेखौफ हैं कि वो स्कूल के अंदर की कॉपी किताबें, ड्रेस आदि बेच रहे हैं और कई स्कूलों द्वारा कमीशन के चक्कर में एक ही दुकान तय कर अभिभावकों को एक ही दुकान से कॉपी-किताबें और डेज्रेसें लेने का दबाव बना रहे हैं। जिसकी विस्तृत जांच हो तो अभिभावकों से करोड़ों रूपयों की लूट सामने आ सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से देहात कांग्रेस सचिव चेतन सोलंकी, कमलेश सिंह, चेतन यादव, प्रताप सिंह हाड़ा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दैनिक कोटा ब्यूरो
23 अप्रेल 2025

## दोस्ती

यह पल, यह लम्हे
हम हर पल याद रखेंगे।
चाहे उमर ढले कितनी भी,
हम दोस्ती का दम भरेंगे ।।

जो मिली खुशी यारों से,
उसको संजोए रखेंगे ।
चाहे रहे कहीं भी यारों,
मिलने का प्रयत्न करेंगे ।।

सच कहते हैं लोग यहां के,
दोस्त टॉनिक एक दूजे की।
जब तक है प्राण इस तन में ,
हम टॉनिक लेते रहेंगे।।



राधा तिवारी
शिक्षिका, अंता

# झालावाड़ जिला आजादी के 78 साल बाद भी पेयजल के लिए तरस रहा

## महिलाएं, बच्चे दो किलोमीटर दूर से पानी लाने पर मजबूर, टंकी बना कर भूल गयी सरकार

## झिरनिया गांव के ग्रामीण के लिए पानी का एक मात्र साधन है कुआं

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( सुरेश मोमियां )**



झालावाड़ 22 अप्रेल। हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के पांच दिवसीय दौरे के दौरान पानी की समस्या को लेकर नाराज नजर आयी थी, तथा अपने तीखे अंदाज में अफ़सर सो रहे हैं जनता रो रही है , में ऐसा नहीं होने दुंगी इस बयान को लेकर जयपुर दिल्ली तक सवाल खड़े हुए थे। अधिकारी के एक पी ओ होने के बाद मामला आया गया हो गया किन्तु उनके के ही गृह क्षेत्र झालावाड़ के आस पास जिला हेडक्वार्टर से मात्र चार किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सलोतिया के झिरनिया गांव में जल जीवन मिशन की निर्मित पानी टंकी ग्रामीणों का मुंह चिड़ा रही है नल लगे हैं लेकिन भगवान जाने उनमें पानी कब टपकेगा राजनीति असफलता यूं कहीं जा सकती कि झिरनिया गांव में मुख्यालय से मात्र चार किलोमीटर दूरी पर कोटा रोड एन एच बावन पर है लेकिन आजादी के अठहतर साल के बाद भी रियायत कालीन कुएं से पानी भरने को मजबूर हैं। गांव वाले बताते अल सुबह ही पीने के पानी के लिए महिलाओं और बच्चों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

सरकार द्वारा हर जन तक पानी पहुंचाये जाने की योजना पर करोड़ों रुपए व्यय किए जा रहे हैं लेकिन आम लोगों तक पानी ऐसी स्थितियों में कैसे पहुंचेगा यह बड़ा सवाल है। यही हाल खानपुर विधानसभा का भी है ऐतिहासिक विश्व धरोहर जल दुर्ग गागरोन के पास चगेरी गांव का है जहां के वाशिंदों के लिए निर्मित पानी की टंकी शो पीस बनी हुई है। कांग्रेस के विधायक सुरेश गुर्जर विधानसभा में कई समस्याओं से आसान को अवगत करवाया है लेकिन भीषण गर्मी के दौर में भी ग्राम वासीयों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है इससे ज्यादा बदनसीबी विकास शील जिले क्या हो सकती है।

गांव वालों ने मांग की है अतिशीघ्र पानी की टंकीयो को छापी डेम की नजदीकी लाइन से जोड़ा जाय।

# सार्वजनिक तालाब व चारागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( विशेष संवाददाता )**

सुनेल,22 अप्रैल। क्षेत्र की ग्राम पंचायत ओसाव के गांव खटकड में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार अज़हर बेग की अगुवाई में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। इसमें 70 बीघा सार्वजनिक तालाब की भूमि और 30 बीघा चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।



राज्य सरकार के आर्देशानुसार रास्ता खोलने अभियान के दौरान राजस्व विभाग के भू अभिलेख निरीक्षण नवल किशोर, ओसाव हल्का पटवारी भैरुसिंह, अमित कुमार, सांगरिया हल्का पटवारी पवन कुमार मेहर, पटवारी हल्का बोलिया बुजुर्ग मुकेश कुमार मीणा, ओसाव प्रशासक कविता मेघवाल आदि ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया।

# रक्तदान शिविर कल

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( विशेष संवाददाता )**

सुनेल,22 अप्रैल। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ब्रांच सुनेल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर गुरुवार सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक पिड़ावा मार्ग पर स्थित इब्राहिम भाई के मकान कमर मंजिल में आयोजित होगा। विजय गुप्ता ने बताया कि शिविर में रक्त संग्रहण मेडिकल कॉलेज टीम झालावाड़ करेगी। रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पहुंचकर रक्तदान करने का आव्हान किया है।

# इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया कोटा का भू-रूपान्तरण हो : राकेश जैन

## जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने राज्यवर्धन सिंह राठौड से मुलाकात कर रखी मांग



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने राज्यवर्धन सिंह राठौड उद्योग मंत्री राजस्थान सरकार से मिल इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया कोटा के भू-रूपान्तरण विषय को लेकर चर्चा कर समस्या समाधान की मांग की।जैन ने कहा कि कोटा में पानी, बिजली, रेल रोड़ कनेक्टिविटी और प्रकृति के माध्यम से उद्योग और पर्यटन की अपार संभावनाए है, किंतु पिछली सरकार की हठधर्मिता से कोटा इंद्रप्रस्थ एरिया का विकास अवरुद्ध हो रखा है।

राज्य सरकार ने होटल को उद्योग का दर्जा दिया हुआ है किंतु रिको इन नियमों को नहीं मान रहा है जिसकी वजह से कोटा में अपार संभावनाए होने के उपरांत भी निवेशकों ने निवेश से दूरी बना रखी है।

इस अवसर पर एसएसआई एसोसियेशन कोटा से अध्यक्ष मनोज राठी, सचिव आशुतोष जैन ने भी मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड से मुलाकात कर अपने मांगो का पत्र सौंपा।

# लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय बने जोन चैयरमैन

**कोटा ब्यूरो न्यूज**




कोटा 22 अप्रेल। लांयस क्बल अध्यक्ष प्रमोद विजय को लांयस क्लब जोन चैयरमैन नियुक्त किया गया हैं। विजय ने बताया कि लांयस क्बल इंटरनेशनल की कन्वेशन में प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग द्वारा प्रमोद विजय को रीजन —10 का जोन चैयरमेन बनाया ?गया है।उनका कार्यकाल 1 जुलाई 25 से 30 जून 2026 तक रहेगा प्रमोद के जोन चैयरमेन बनने पर कोटा लांयस क्बल के सदस्यो ने हर्ष व्यक्त किया और मिठाई बांटी।

# ट्रांसपोर्ट कंपनियों की वार्षिक आम सभा 27 अप्रैल को

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। ट्रांसपोर्ट कंपनीज़ एसोसिएशन, कोटा द्वारा एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन 27 अप्रैल 2025 (रविवार) को प्रात: 10 बजे किया जाएगा। यह सभा पोरवाल भवन,सुभाष नगर कोटा में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेवाल ने बताया कि इस आम सभा का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर की गतिविधियों की समीक्षा करना, आगामी योजनाओं पर चर्चा करना तथा सदस्यों से सुझाव प्राप्त करना है। सचिव प्रमोद गर्ग ने बताया कि आमसभा में संगठन की मजबूती और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विचार-विमर्श किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार गर्ग द्वारा बताया गया कि केवल वही सदस्य इस आम सभा में भाग ले सकेंगे जिन्होंने 31 मार्च 2024 तक सदस्यता के सभी मापदण्ड पूरे किए है।



मालिक, प्रकाशक और मुद्रक नवनीत कुमार गुप्ता के लिए राजा प्रिंटर्स विज्ञान नगर से मुद्रित होकर प्रधान कार्यालय 6 बी 23 विज्ञान नगर विस्तार से प्रकाशित ।प्रधान संपादक कय्यूम अली एवं कार्यकारी संपादक हरिमोहन शर्मा। मो. 9549900005, 9549900006

# अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन में जीव दया टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण की पहल

## पक्षियों के लिए परिंडे और विक्रेताओं को कपड़े के थैले वितरित

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोटा में एक महत्वपूर्ण पर्यावरण अनुकूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीव दया टीम, कोटा इकाई के नेतृत्व में आयोजित इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मियों के मौसम में पक्षियों को राहत प्रदान करना और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव अनिमेष जैन की गरिमा मय उपस्थित रही। कार्यक्रम का नेतृत्व जीव दया टीम की अध्यक्षा किरण जैन और उपाध्यक्षा सुनीता जैन ने किया, जबकि सुश्री सरिता जैन और डॉ. सुनैना गंगेले ने कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर परिंडे लगाने व कपड़े के थैले वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर जीव दया टीम द्वारा की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है।कार्यक्रम में अकलंक शोध संस्थान की निदेशक डॉ. संस्कृति जैन सहित कॉलेज के संकाय सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी की।

# बोरसली जैन मंदिर रामपुरा में विधान का भव्य आयोजन



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। बोरसली मंदिर रामपुरा में विधान का आयोजन किया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन बघेरवाल संघ के मुख्य संयोजक विमल मडिया ने बताया कि बोरसली मंदिर रामपुरा में मुनि सुव्रतनाथ भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर पर आज विधान का आयोजन बोरसली मंदिर के अध्यक्ष महावीर ठग एवं रिषभ दुगेरिया के सानिध्य में हुआ। विधान में मुनि सुवर्तनाथ भगवान के विधान में नारियल व अर्ध्य चढायें गये। इस अवसर पर निशान्त, गौरव दुगेरिया, नरेन्द्र ठाई, योगेश मित्तल, आशीष मित्तल, सुनिल बगडा, पीयूष सेठिया, प्रमिला, प्रांजल जैन, रूबि दुगेरिया, कान्ता ठग, इन्द्रा जैन, सज्जन देवी, शकुन्तला, रानी सेठिया, कोपल जैन, मनोरमा ठाई की उपस्थिति में विधान सम्पन्न किया गया।

# भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान मरु प्रदेश से हरित प्रदेश बनने जा रहा : सुरेश रावत

## सुरेश रावत का कोटा आगमन पर भाजपा कोटा द्वारा भव्य स्वागत

**कोटा ब्यूरो न्यूज**




कोटा 22 अप्रेल। रघुराई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता – 2025 में सम्मिलित होने कोटा पधारे सुरेश सिंह रावत जल संसाधन मंत्री राजस्थान सरकार का कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन के सानिध्य में भाजपा शहर जिला कोटा द्वारा सर्किट हाउस में पार्टी दुपट्टा ,साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया ।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए सुरेश सिंह रावत ने कहा कि ईआरसीपी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना राजस्थान सरकार की एक महत्वकांशी परियोजना है, इसका उद्देश्य पूर्वी राजस्थान में पानी की कमी की समस्या का सामना करने वाले जिलों में पीने के लिए पानी और सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराना है। राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही इस पर कार्य करना शुरू कर दिया।रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में राजस्थान मरू प्रदेश से हरित प्रदेश बनने जा रहा है।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा ,मंत्री जयदेव सुखेजा, पार्षद राकेश पुटरा, सुनील गौतम, रेखा सलूजा, विवेक मित्तल, विजयलक्ष्मी ,रेखा मण्डल अध्यक्ष संजय सैनी , चंद्रप्रकाश महावर, दिनेश सरसिया, महेंद्र निर्भय ,मनोज गोस्वामी, मनोज तलाइचा, दिलिप महावर, दीनू बंजारा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा, हरिश राठौर, कुलदीप सिंह तलवार, राजेन्द्र खींचीं, प्रदीप राठौर सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भामाशाह मंडी के रक्त भामाशाह ने फिर निभाया जीवनदायिनी किरदार

## गणेश ने कुसुम को दिया जीवनदान, गंभीर मरीज के लिए डोनेट की एसडीपी

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि गुना निवासी कुसुम को ए पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, मरीज की स्थिति बिगड रही थी, ऐसे में किसी गार्ड ने टीम जीवनदाता से सम्पर्क के लिए कहा, भुवनेश गुप्ता से सम्पर्क होने पर उन्होंने शहर के कई ग्रुपों में मैसेज किए लेकिन किसी का रिसपोंस नहीं आया, ऐसे में गणेश विजयवर्गीय जो भामाशाह मंडी से अपना कार्य कर लौट रहे थे, जब उन्हें कॉल किया तो वह अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और उन्होंने मरीज के परिजनों की हालत को समझा और चौथी बार एसडीपी डोनेट की जबकि ब्लड वे 28बार डोनेट कर चुके है । टीम जीवनदाता के साथी व प्रेरक आशीष खंडेलवाल ने पूरा संयोजन किया व आभार व्यक्त किया । रात करीब 1 बजे तक चले प्रोसेस को जब परिजनों ने देखा तो गणेश विजयवर्गीय का आभार जताया।

# सुनेल : शिक्षक संघ ने बांधे परिण्डे, नियमित पानी भरने का लिया संकल्प

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( विशेष संवाददाता )**



सुनेल,22 अप्रैल। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के पदाधिकारी द्वारा बेजुबान प्राणियों की प्यास बुझाओ कार्यक्रम के तहत मंगलवार को क्षेत्र के कनवाड़ी, ओसाव, मगीसपुर, हेमड़ा, खटखड़, गुणदी, खामणी, लालगांव, ढाबली आदि गांवों के राजकीय विद्यालयों में जाकर परिंडे बांधे गए व ग्रीष्म ऋतु में प्रतिदिन परिंडे में पानी भरने का संकल्प लिया। वही पर्यावरण प्रेमी चंद्रप्रकाश मीणा ने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। इसी के साथ इस संबंध में लोंगों में जागृति का आव्हान किया। इस दौरान उपशाखा संयोजक चंद्रप्रकाश मीणा, धनपत सिंह, सभाध्यक्ष रामेश्वर मेहर,उपशाखा अध्यक्ष हेमराज पांचाल, मंत्री मनोहर सिंह नागर, कोषाध्यक्ष अंकित सोनी, उपाध्यक्ष आनन्दीलाल, प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, अमित सिंह, मोहम्मद अशफाक, जगदीश वर्मा, राजेश मीणा, राममूर्ति मीणा, शंकर रायका, धनराज गुर्जर, हेमलता शर्मा, चंद्रकला, कामना राठौड़, कविता कौशलानी, मांगीलाल सुथार, दिनेश कुमार, विनोद कुमार, प्रीतम मीणा, भवानीसिंह, निर्मल कुमार, द्वारकालाल मीणा, देवीलाल मेहर, प्रकाश नागर, बजरंगलाल, शंभू शर्मा, तूफान नागर, राजेश पाटीदार, श्रीलाल दांगी और रफीक मोहम्मद आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

# अतिदोहन से पृथ्वी का वातावरण हो रहा दूषित : जायसवाल

## कब बुलबुल, स्काउट गाइड ने मनाया पृथ्वी दिवस



**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रैल। कब बुलबुल और स्काउट गाइड की ओर से मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण के ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल केशवपुरा में विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसके मुख्य वक्ता स्थानीय संघ सचिव प्रकाश जायसवाल थे। विशिष्ट अतिथि मीनाक्षी महावर और जिया मेघवाल थीं। इस दौरान बच्चों को पृथ्वी को बचाने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही पृथ्वी बचाओ सप्ताह की शुरुआत भी की गई। जिसके तहत् 7 दिनों तक पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। संबोधित करते हुए प्रकाश जायसवाल ने कहा कि एक व्यक्ति को जिवित रहने के लिए जिन तत्वों की जरूरत होती है, पृथ्वी वह प्रदान करती है। इंसान पृथ्वी का आवश्यकता से अधिक दोहन करता है और धरती को नुकसान पहुंचाता है। इस तरह से हो रहे दोहन के कारण पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। मीनाक्षी महावर ने कहा कि पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य धरती के हो रहे दोहन को रोकना और वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। जिया मेघवाल ने कहा कि पृथ्वी दिवस के मौके पर अपने परिवार, रिश्तेदार, दोस्तों और करीबियों को प्रकृति को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पर्यावरण शिक्षा दें।

# सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाकर संगठन को मजबूत करें : प्रमोद भाया

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**उस्मान खान**



अन्ता 22 अप्रेल। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई किंतु आज राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा द्वेषपूर्ण राजनीति कर अल्पसंख्यक वर्ग के लिए भेदभाव रखते हुए कार्य किया जा रहे हैं।

***कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी : आबिद कागजी***

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आबिद कागजी ने कहा की कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है ,कार्यकर्ता मजबूत होगा तो संगठन भी मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर काम करने व जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने के निर्देश दिए। कागजी ने कहा की 3 मई से पूर्व राजस्थान के सभी जिलों में दौरे कर राजस्थान प्रभारी अल्पसंख्यक विभाग अब्दुल कलाम प्रदेश, जिला और ब्लॉक की समस्त कार्यकारिणी जारी करेंगे । बैठक के दौरान महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बृजेश वर्मा ने कहा कि हमें संगठित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए काम करना है, हम लोगों के लिए जितना भला कांग्रेस ने किया है उतना किसी पार्टी ने नही किया है। कांग्रेस कामगार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान खान ने कहा कि हम एक ऐसी पार्टी के साथ खड़े हैं जो हमें न्याय दिला सकती है, हमें कार्यकर्ताओं की कार्य क्षमता व ताकत का सही इस्तेमाल करना आना चाहिए। इस दौरान किशनगंज ब्लाक अध्यक्ष बबलू भाई, मांगरोल ब्लाक अध्यक्ष अख्तर हुसैन बख्तावर ,शाहबाद ब्लॉक अध्यक्ष परवेज मंसूरी, हरनावदा शाहजी नागर अध्यक्ष सद्दाम मेव, जिला महामंत्री शेरू खान, अरबाज खान , छबड़ा नगर अध्यक्षआदिल सालार गाजी, किशनगंज ब्लाक अध्यक्ष अजीज नाजा, मांगरोल नगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर इजहार सीमा,पूर्व प्रदेश सचिव रईस फैजी पूर्व चेयरमन असगर अली, जाकिर हुसैन खिलजी, अशफाक कादरी, पार्षद अनवर पीटीआई, समीर खान बंटी ,परवेज खान, अखलाक अंसारी, शरीफ रंगरेज, ,रिंकू सूरमा, राजा फर्नीचर, राशिद लोडी,फिरोज खान, जुनैद अंसारी, अलफेज पठान,अब्दूल कलाम,निसार खान, अनवर मास्टर, शेख़ बहादुर, मुन्ना पठान इशरत खान, अकील शादाब , फिरोज अंसारी, अब्दुल मजीद मदनी,मकदुम भाई,शाकिर पठान,उमर मियां,अशफाक खान बालाखेड़ा, अबरार खान,रईस नयापुरा ,हनीफ मिस्त्री ,साजिद खान ,वसीम अकरम, ,मों शरीफ ,जब्बार हुसैन ,मुन्ना मंसूरी ,निजामुद्दीन कल्लूअली ,अब्दुल हफीज सहित अन्य कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के कार्यकर्ता मौजूद रहे, अंत में सभी कार्यकर्ताओ का संरक्षक जाकिर मंसूरी व जिला अध्यक्ष शाहिद कुंडी ने शुक्रिया अदा किया ।

# कोटा नगरी भी वृंदावन से कम नहीं

**- भजन संध्या में देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु, श्याम तेरी बंसी पागल कर जाती है...**
**- पिप्पलेश्वर वाटिका में बही धर्मधारा, धार्मिक आयोजन से तृप्त हुई धरा**

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। भगवान पिप्पलेश्वर महादेव मंदिर के पाटोत्सव पर पिप्पलेश्वर वाटिका में कई धार्मिक आयोजन हुए। वृंदावन के संत श्री चिन्मयदास महाराज के मुखारबिंद से भक्तमाल कथा की पूर्णाहुति के बार भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जहां नन्हें गायक कलाकार स्पर्श वढेरा, गौरी चौहान ने भी अपनी मधुर वाणी से ठाकुरजी का गुणगान किया। श्री द्वारिकाधीश मंदिर अस्सी संगम वाराणासी (विधावाचस्पति) डॉ. संतदास जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से एक से बढकर एक भजन सुनाए साथ ही यह भी कहा कि कोटा भी वृंदावन से कम नहीं है, यहां भक्ति का ज्वार देखने को मिल रहा है। वहीं एलन के निदेशक गोविंद माहेश्वरी ने भी भजनों की रसधार से देर रात तक समा बांधा। उन्होंने श्याम तेरी बंसी पागल कर जाती है...,इतना समझ लेना अब हरि से मिलना होगा...,राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी..., आशा शरण तिहारी..., काले रंग पर भी दुनिया मर जाती है सरीखे भजनों की प्रस्तुति दी तो पूरा पांडाल नाचने लगा, ठाकुर जी के जयकारे गूंजते रहे। गोविंद माहेश्वरी ने सांवरिया है सेठ म्हारी राधा जी सेठानी है..., मरा आपकी कृपा से से सब काम हो रहा है...गया तो लोगों ने भजन को गुनगुनाया और जयघोष लगाए, इसके साथ ही देर रात तक भजनों की बयार बहती रही और लोग आनंद लेते रहे। इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, समिति के अध्यक्ष भारत भूषण अरोडा, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, किशन पाठक, राजेन्द्र खंडेलवाल, केबी नंदवाना, जीडी पटेल सहित कई लोग देर रात तक जमे रहे और श्याम भजनों का आनंद लिया। श्री रघुनाथदास जी महाराज सहित कई संतों का भी सानिध्य मिला।

# चौमहला: दीक्षार्थी धर्मेश का वर्षीदान वरघोड़ा

**जगह जगह स्वागत किया-धर्ममय हुई नगरी**

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**आबिद हुसैन**



चौमहला 22 अप्रेल। सांसारिक जीवन के सुखों का त्याग कर संयम मार्ग पर अग्रसर होने वाले मुमुक्षु भाई धर्मेश पिछोलिया का वर्षीदान वरघोड़ा मंगलवार को बड़े धूमधाम से चौमहला कस्बे के विभिन्न मार्गो से होकर निकला तो हर कोई श्रृद्धावनत नजर आया। दीक्षार्थी धर्मेश पिछोलिया का वर्षीदान वरघोड़ा सुबह जैन मंदिर से आचार्य हेमचंद्र सागर जी आदि 15 साधु मंडल की पावन निश्रा में बैंड-बाजे व ढोल-नगाड़े व भगवान के रथ के साथ निकला दीक्षार्थी बग्गी में सवार होकर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रहा था,वरघोड़े में महिला-पुरुष धर्म ध्वजाओं के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे। उन्हेल नागेश्वर का कुशल विचक्षण बहु मंडल द्वारा घोष थाप पर मधुर ध्वनि ने एक खास छठा बिखेरी । वरघोड़ा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में पुरुष वर्ष सफेद्र ड्रेस में महिलाएं ड्रेस में चल रही थी। समापन पर जैन अथिति गृह में धर्मसभा का आयोजन किया गया धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्चाय जिन हेमचंद जी महाराज ने कहा संयम लेना आसान कार्य नहीं है। धर्मसभा में दीक्षार्थी धर्मेश पिछोलिया का जैन श्री संघ,नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पेढ़ी, जैन स्थानक संघ,जैन सोशल ग्रुप द्वारा बहुमान किया गया ।अंत में स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पेढ़ी सचिव धर्मचंद जैन,जैन श्री संघ अध्यक्ष केसरीमल जैन,स्थानक संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि शरद नवलखा,मंत्री प्रकाश चंद जैन,जैन सोशल ग्रुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हंसराज जैन,राजस्थान रीजन चेयरमैन गौतम जैन,व्यापार संघ अध्यक्ष मनोहर ओसवाल,महासंघ संयोजक दिलीप जैन,पवन पिछोलिया,दिनेश पिछोलिया,सुरेश जैन,राजेश जैन,राजेश राज,देवेंद्र पिछोलिया,महावीर लोढ़ा,विनोद जैन सहित रतलाम, मंदसौर, डग, उन्हेल, बडौद, आलोट, सीतामऊ, सुवासरा, आगर, इंदौर, उज्जैन सहित अनेक शहरों से जैन श्री संघ उपस्थित रहा।

# केंद्रीय नियोजन में कार्यरत श्रमिकों का हीटवेव से हो बचाव : हम लोग

**हम लोग का प्रतिनिधि मण्डल मिला केन्द्रीय श्रम आयुक्त से**

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल।हम लोग संस्था का एक प्रतिनिधिमंडल डॉक्टर सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में केंद्रीय श्रम आयुक्त कोटा से मिला एवं आग्रह किया कि उनके अधीन नियोजनों में भी श्रमिकों को हीटवेव से बचाने का उपाय किया जाए। पर्यावरण विद राजू गुप्ता ने बताया कि नैशनल हाईवे, माइनिंग और रेलवे के श्रमिक केंद्रीय श्रम आयुक्त के अधिकार क्षेत्र में कार्य करते हैं उनके कार्य समय में उचित परिवर्तन, पीने के पानी एवं विश्राम के लिए छाँव की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है । समाज सेवी अशोक शर्मा ने बताया कि हमलोग संस्था पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी साफ़ी एवं छागल का वितरण शुरू कर रही है ।उन्होंने श्रम आयुक्त सुश्री कृष्णेंदु एवं सहायक श्रम आयुक्त एम पी पॉल से इस अभियान की शुरुआत नैशनल हाईवे से करने का आग्रह किया श्रम आयुक्त सुश्री कृष्णेंदु ने आश्वस्त किया कि विभाग सभी नियोजकों को उचित आदेश जारी कर श्रमिकों के बचाव के लिए पाबंद करेगा ।प्रतिनिधिमंडल में पृथ्वी पाल सिंह एवं ख़ालिद मोहम्मद भी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता रामबाबू शर्मा ने की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( अनन्त मूंदड़ा )**

बूंदी 22 अप्रैल। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निरपराध पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में कई लोगों के हताहत होने की खबर पर गहरा दुख प्रकट करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने पहलगाम में हुई कायरता पूर्ण इस घटना की कड़ी निंदा की है। भाजपा नेता रामबाबू शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर कायरानापूर्ण हमले के समाचार से हृदय विचलित एवं आक्रोशित है। रामबाबू शर्मा ने कहा कि आतंकियों द्वारा किए गए इस निंदनीय कृत्य में हताहत नागरिकों के परिजनों के साथ पूरे देश की संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है,



## 5 फीट गहरे गड्ढे में गिरा बुजुर्ग, मौत

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। कोटा में तालेड़ा थाना क्षेत्र के जलोदी गांव में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मजदूरी कर घर लौट रहे शंकर लाल (58) अंधेरे में 5 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए। गंभीर चोटों के चलते एमबीएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तालेड़ा थाने के एएसआई दुर्गा लाल ने बताया कि घटना 19 अप्रैल की रात की है। शंकर लाल मजदूरी करके अपने घर लौट रहे थे। गांव के रास्ते पर अंधेरा होने के कारण वे 5 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए, जिससे उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं।

## पृथ्वी दिवस मनाया, पक्षियों के लिए विभिन्न कार्यालयों में बांधे परिंडे



**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**( गौतम जैन )**

डग 22। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल डग में पृथ्वी दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल के अध्ययननरत छात्र छात्राओं को पर्यावरण के संरक्षण व सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ डग के सचिव कैलाश योगी के नेतृत्व में पर्यावरण बचाओ अभियान एवं पक्षियों हेतु परिंडा अभियान के तहत पंचायत समिति परिसर, पुलिस थाना परिसर, सीबीईओ कार्यालय परिसर, तहसील कार्यालय सहित विद्यालयों में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। इस दौरान पंचायत समिति डग विकास अधिकारी कंचन बोहरा, तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द वर्मा, प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार जैन, नरेंद्र गहलोत, कालूराम शर्मा, प्रकाश चंद मीणा, देवीलाल सैनी, कुलदीपक मेवाड़ा, स्काउट प्रभारी पवन कुमार मीणा, मुरारी लाल शर्मा सहित स्काउट गाइड उपस्थित रहे।

# पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला अत्यंत दुखद एवं शर्मनाक : बैरागी

**भाजपा नेता राधेश्याम बैरागी ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों के प्रति व्यक्त की शोक संवेदनाएं**

**कोटा ब्यूरो न्यूज**
**अनन्त मूंदड़ा**



बूंदी 22 अप्रैल। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को निंदनीय बताते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी ने कड़ा रोष प्रकट किया है। बैरागी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमले की ख़बर अत्यंत दुःखद एवं शर्मनाक है। ऐसे कृत्यों की जितने कठोर शब्दों में निंदा की जाए, कम है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले से पूरा देश अत्यंत स्तब्ध और दुखी हैं। यह निंदनीय कृत्य न केवल मानवीय मूल्यों पर आघात है, बल्कि देश की शांति और एकता को चुनौती देने का कुत्सित प्रयास है, जिसे कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आतंकी हमला जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा को रोकने की कोशिश है, लेकिन न तो जम्मू-कश्मीर रुकेगा और न ही भारत रुकेगा। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राधेश्याम बैरागी ने मृतकों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हमले में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# प्रगति इन्टरनेशनल स्कूल ने अर्थ-डे पर निकाली रैली

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। आज प्रगति इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से तीन तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन आदि का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा धरती को बचाने से संबंधित स्लोगन एवं पोस्टर बनाए गए।

कक्षा 4 से 10 तक के विद्यार्थियों की रैली विद्यालय चेयरमेन डॉ.जफर मोहम्मद ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना की। विद्यालय से रैली हनुमान मंदिर बजरंग नगर होते हुए, अटवाल नगर, गोपाल विहार प्रथम,गोपाल विहार द्वितीय में पैदल मार्च करती हुई श्री गैंस ऐजेन्सी बारां रोड से होते हुए एसपी सर्किल होते हुए सरस्वती कॉलोनी तक गई फिर विद्यालय पर आकर संपन्न हुई। प्रधानाध्यापिका डॉ. फैमिना ने बच्चों के पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं उत्साह की सराहना की।

# भाजपा की एजेंसी के रूप में काम करना बंद करे ईडी व सीबीआई : मोइजउद्दीन गुड्डू

**- दिल्ली घेराव में बड़ी संख्या में शामिल होंगे कोटा संभाग के युवक कांग्रेस कार्यकर्त्ता**

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। युवक कांग्रेस कोटा संभाग की बैठक आज गुमानपुरा कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी अशोक कुल्हरिया सहित कोटा, बारां, बूँदी झालावाड़ के जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी विधानसभा अध्यक्ष व कार्यकारिणी, प्रदेश समन्वयक पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमे 25 अप्रेल शुक्रवार को दिल्ली में ई डी के खिलाफ होने वाले विशाल प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर जिम्मेदारी बांटी गई। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डू ने कहा कि वहीं जिस प्रकार से ई डी व सी बी आई कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित कर रही है मोदी सरकार संस्थाओ व एजेंसीओ का भी दुरूपयोग करके अपनी विफलताओं को छुपाना चाहती है । बैठक में मुख्य रूप से कोटा शहर प्रभारी शुभम गोचर बूँदी प्रभारी साहिल नकवी कोटा ग्रामीण प्रभारी गिर्राज धाकड़ देहात अध्यक्ष विजय प्रताप प्रदेश सचिव एड राजेश कुमार, यासीन कुरैशी, इकबाल खान यश, मोहम्मद जुबेर,समर्थ व्यास कुणाल शर्मा जिला समव्यक आमीन रंगरेज विधनसभा अध्यक्ष मनीष पारेता अरशद कुरैशी कृष्णा सिंगोर बूँदी विधनसभा अध्यक्ष प्रवक्ता स्वप्निल शर्मा आशीष गुर्जर अंकित पांचाल मनाजीर अली अनिल गुर्जर देवली व अन्य सेंकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## कश्मीर में आतंकी हमला निंदनीय : राखी गौतम

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 22 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कॉंग्रेस महासचिव एवं राजस्थान महिला कॉंग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राखी गौतम ने बैसरन घाटी, जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर को बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली बताया है । गौतम ने कहा आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं।



# कोटा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में रेकी कार्यशाला का आयोजन

**कोटा ब्यूरो न्यूज**



कोटा 22 अप्रेल। शहर में तलवंडी स्थित वैद्य दाऊदयाल जोशी राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में एक दिवसीय रेकी हीलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी प्रभारी वैद्य अंजना शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में रेकी हीलिंग ट्रेनर कृपा चौकसी एवं नीता पारेख ने पीपीटी के माध्यम से रेकी का परिचय एवं महत्व पर प्रकाश डाला। रेकी मास्टर कृपा चौकसी ने बताया कि रेकी आध्यात्मिक शक्ति, मानसिक स्थिति, भावनाएं, ध्यान एवं सहज अनुभूति का सामंजस्य है। प्रशिक्षण के अंत में जिज्ञासा समाधान में डॉ अनुपमा चतुर्वेदी डॉ सुरभि पंकज ने इसके वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रश्नोत्तरी की। कार्यशाला के समारोप की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ नित्यानंद शर्मा ने बताया कि रेकी से अनाहत चक्र, विशुद्ध चक्र, आज्ञा चक्र एवं सहस्त्रार्थ चक्र जागृत करने की हाथों से स्पर्श कर वैज्ञानिक विधि है। कार्यशाला का आयोजन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र तथा स्वस्थव्रत विभाग के तत्वाधान में किया गया। कार्यशाला में डॉ प्रेम सिंह माली , डॉ सुरेंद्र भार्गव डॉ हरनारायण मीणा डॉ ज्ञानीराम मीणा, डॉ सरिता मीना, डॉ सीमा मीणा, डॉ संगीता बाला मीना, डॉ मीनाक्षी नागर, डॉ अंजलि मीणा ,डॉ उषा जांगिड़, डॉ मधु परिहार, डॉ ब्रजराज मालव ,डॉ श्यामस्वरूप मीणा डॉ स्वाति श्रृंगी ,डॉ ज्योति शर्मा, डा सोनम बोयल ,डॉ अनीता मीणा, डा विनोद मीणा, डॉ हेमलता भाटी, डॉ धर्मराज वर्मा, जुगल मालव ,राम प्रसाद गोचर ,रामदयालु नागर ,मुकेश सुमन , नवीन गर्ग ,बजरंग लाल सहित अनेक विद्वानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विनोद गौतम ने किया। अंत में प्राचार्य नित्यानंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।